# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, क्षेत्रीय वन मण्डल टीकमगढ़ (म.प्र.)

पता : वन भवन, ढोंगा स्टेडियम के पास, वार्ड नं. 15 के समीप ईको सेन्टर टीकमगढ़ म.प्र. 472001

ई–मेल : dfotkmgar@mp.gov.in फोन नं. : 07683-245315 फेक्स नं. : 245315


क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 353 टीकमगढ़, दिनांक – 28/02/22

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(कक्ष भू–प्रबंध)
सतपुडा भवन म.प्र. भोपाल

**विषय :–** **जिला टीकमगढ़ अन्तर्गत सतधारा तालाब सिंचाई परियोजना के निर्माण हेतु 39.00 हेक्टेयर वनभूमि जल संसाधन विभाग को उपयोग पर देने बावत्।**

**सन्दर्भ :–** **आपका पत्र क्रमांक / एफ–3 / 55 / 2018 / 10–88 / 5 / 1012 दिनांक 02.12.2021**

विषयान्तर्गत निवेदन है, कि उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से चाही गई सतधारा तालाब से प्रभावित वन भूमि का सत्यापन उपवनमण्डलाधिकारी टीकमगढ़ एवं सिंचाई विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं वन स्टाफ के द्वारा किया गया। सतधारा तालाब में प्रभावित वन भूमि सीमा आवेदक संस्थान द्वारा बतायें अनुसार जी.पी.एस. रीडिंग ली गई तथा जी.पी.एस. रीडिंग को गूगल अर्थ पर अपलोड किया गया। जिसमें वन भूमि 39.00 हेक्टेयर प्रभावित हो रही है। कक्ष क्रमांक पी–242 एवं पी–243 की गूगल अर्थ पर बनी वनसीमा बीट नक्शे के मुनारे क्रमांक 51, 52 के मध्य वन भूमि दिखाई दे रही है। जब की बीट नक्शा अनुसार यह क्षेत्र दिनांक 31.12.1976 के अतिक्रमण वन व्यवस्थापन के तहत डीनोटिफिकेशन के माध्यम से राजस्व को हस्तांतरित कर दी गई थी। जिसे बीट नक्शे पर मुनारा क्रमांक 51ए से 51 जी एवं 52ए से 52बी से घेरा गया है। बीट नक्शे की छायाप्रति संलग्न है। उपरोक्तानुसार सतधारा तालाब में 39.00 हेक्टेयर ही वनभूमि प्रभावित हो रही है।

प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्प्रेषित।

**संलग्न :–** **गूगल मैप, जियो रिफरेन्स मैप एवं बीट मैप 4–4 प्रतियों में।**

वनमण्डलाधिकारी
वन मण्डल, टीकमगढ़ (म.प्र.)

पृ0 क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 354 टीकमगढ़, दिनांक– 28/02/22

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य वन संरक्षक, छतरपुर वृत्त छतरपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

वनमण्डलाधिकारी
वन मण्डल, टीकमगढ़ (म.प्र.)




Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner